बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवीं　　　　विषय -हिंदी　　　　(२०२०-२०२१)

उपविषय --विशेषण

नाम:----------------------------- कक्षा / भाग :------- तिथि : २८.०५.२०२०

विशेषण

संज्ञा व सर्वनाम शब्दों की विशेषता प्रकट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं |

जैसे - नीला , एक, रंग-बिरंगी , चटपटी आदि |

आज मेरे मित्र वसंत का सातवाँ जन्मदिन है | उसने लाल रंग की कमीज़ और नीले रंग की जीन्स पहनी हुई है | उसका घर रंग - बिरंगे गुब्बारों से सजा है | वसंत को उसके पिताजी ने बड़ी सी साइकिल दी | मैंने वसंत को पीले फूल दिए | उसकी मम्मी ने सभी को एक - एक चॉकलेट दी | सभी दोस्तों ने वहाँ चटपटी चाट भी खाई |

सातवाँ, लाल, नीले, रंग-बिरंगे, बड़ी, पीले, चटपटी, एक- एक, ये सभी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बता रहे हैं | ये शब्द विशेषण कहलाते हैं |

विशेष्य

जिन संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें विशेष्य कहते हैं |

जैसे - घोड़ा फुर्तीला जानवर है | 'फुर्तीला' शब्द विशेषता बता रहा है |

विशेष्य - घोड़ा　　　　विशेषण -फुर्तीला

उदाहरण:

विशेषण	**विशेष्य**
नीला	आसमान
मोटा	लड़का
रंग-बिरंगी	तितली
सुंदर	घर
हवादार	कक्षा

आप अपना यह कार्य उत्तर पुस्तिका में कीजिए।

प्रश्न: विशेषण - विशेष्य अलग - अलग कीजिए --

दो दर्जन केले, सुनहरा मौका, दिखावटी दुनिया, वह पुस्तक, ऊँचे पहाड़, पर्वतीय प्रदेश , पाँच किलो चावल

विशेषण	विशेष्य

(LIFESKILLS ACTIVITY) जीवन मूल्य गतिविधि

माँ ने जब सब्जियों से जान पहचान करवाई,
भाई- बहन की होने लगी लड़ाई,
कौन मां संग रसोईघर में सब्जी बनाएगा,
मसालों की जानकारी पाएगा ।

अब आपकी बारी:

आपने अपनी मां को रसोईघर में काम करते हुए देखा होगा । आप यह जाने कि एक सब्जी बनाते हुए उसमें किन-किन मसालों का प्रयोग होता है । इसके अलावा सब्जी बनाने के लिए किन-किन बर्तनों का प्रयोग किया जाता है ।

मसाले	बर्तन
______________	______________
______________	______________
______________	______________